हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 मार्च 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 हुड़दंगियों द्वारा जलते बम फेंकने से मची अफरा...



07 अफसरों व बैंक प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण करने के...



## मृतक के परिजन ने अंतिम संस्कार से पहले अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया

# रफ्तार का कहर: 70 फीट घसीटकर 4 मासूमों को बाइक सहित ले गई बोलेरो, दो की मौत, दो गंभीर

तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक सहित उन्हें सड़क पर घसीटते हुए आगे बढ़ गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। मोती बाबा मंदिर के पास तेज रफ्तार में दौड़ती हुई एक बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े चार किशोरों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन चारों को बाइक समेत करीब 70 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग चीख-पुकार करते हुए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इस हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**बातचीत कर रहे थे किशोर, अचानक टूटा कहर :** जानकारी के अनुसार महू निवासी अमित कौशल (16) अपने मौसी के घर लुनिया चौराहा सीहोर आया हुआ था। शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने मौसेरे भाई प्रिंशु कौशल (13) और दो अन्य साथियों धीरज व रेंचो के साथ मोती बाबा मंदिर के पास सड़क किनारे एक बाइक के पास खड़े होकर बातचीत कर रहा थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक सहित उन्हें सड़क पर घसीटते हुए आगे बढ़ गई। घायल धीरज और रेंचो की हालत भी



गंभीर बताई जा रही है।



अमित पिता मुकेश कौशल



विवेक पिता सतीश कौशल

### ट्रैक्टर और टैंकर से टकराकर चाय की दुकान में घुसी गाड़ी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद भी बोलेरो नहीं रुकी। बेकाबू वाहन पहले सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर और फिर टैंकर से टकराकर इंदर की चाय की दुकान में जा घुसा। हादसा इतना भीषण था कि अमित कौशल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रिंशु कौशल को भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

### "मध्य प्रदेश शासन" लिखी बोलेरो, चालक मौके से फरार


हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि जिस बोलेरो से हादसा हुआ उस पर "मध्य प्रदेश शासन" लिखा हुआ था और वाहन किसी रमेश राठौड़ नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र यादव के अनुसार बोलेरो को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।



### अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया

मृतक के परिजन ने अंतिम संस्कार से पहले अर्थी सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। करीब 15-20 मिनट तक जाम रहा। अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद अर्थी श्मशान घाट के लिए रवाना हुआ।

## खबर संक्षेप



### जिनमणिप्रभ सूरीश्वर म.सा. राष्ट्र रत्न संत की उपाधि से अलंकृत हुए

**नलखेड़ा।** राजस्थान के जैसलमेर में जिनमणिप्रभसूरीश्वर म.सा. को राजस्थान व महाराष्ट्र सरकार की तरफ से राष्ट्र रत्न संत की उपाधि से अलंकृत किया गया। आचार्य श्री को मिले इस सम्मान पर जैन समाजजनों के साथ उनके अनुयाई गुरु भक्तों में हर्ष की लहर व्याप्त है। सभी ने आचार्य श्री को मिली इस उपाधि पर अनुमोदना व्यक्त करते हुए बधाई एवं अनंत अनंत वंदना के भाव प्रकट किए। नलखेड़ा श्री संघ द्वारा भी आचार्य श्री को मिले इस सम्मान पर अनुमोदना के भाव प्रकट किए गए हैं।

### आज भी मनाई जाएगी शीतला सप्तमी

**नलखेड़ा।** सोमवार को नगर के कई परिवारों द्वारा शीतला सप्तमी मनाई गई। महिलाओं ने शीतला माता की पूजन कर उन्हें ठंडे भोजन का भोग लगाकर आशीर्वाद लिया, वहीं परिवार में



सुख शांति समृद्धि तथा आरोग्य की कामना भी की। पूजन के बाद जब महिलाएं अपने घर पहुंचीं तो पांचों उंगलियों को हल्दी के पानी में डुबोकर दीवारों पर छापे लगाकर कुमकुम से पूजन की गई। नगर में मंगलवार को भी शीतला सप्तमी मनाई जाएगी। इसके लिए शीतला माता मंदिरों पर विभिन्न तैयारियां की गई हैं। महिलाओं द्वारा रात 12 बजे बाद से पूजन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### स्टैंड के बाहर यात्री बसों से अव्यवस्था, लगता है जाम, राहगीर परेशान

**सीहोर।** नए बस स्टैंड के बाहर यात्री बसों के खड़े होने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बस स्टैंड पर सवारी बैठाने के बाद भी बाहर पुराने हाईवे पर खड़ी रहती हैं। इससे सड़क पर जाम लग जाता है। कई बार यह समस्या पुलिस और प्रशासन के सामने रखी गई, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। बस संचालक देर तक सवारी का इंतजार करते हैं। इस दौरान वाहन नो पार्किंग में खड़े रहते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कानड़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षिकाओं का हार फूल व गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। सीनियर शिक्षिका ज्योति शर्मा को एक दिन के लिए स्कूल के प्रिंसिपल की बागडोर सौंपी गई। उन्होंने बखूबी अपना दायित्व निभाया व सफलतापूर्वक स्कूल का संचालन किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए यादगार पल साबित होगा। उन्होंने इस सम्मान के लिए विद्यालय समिति का आभार जताया। शिक्षिका लता पाठक ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर देश के विकास में योगदान दे रही हैं। जब भी हमें कोई काम सौंपा जाएगा उसको हम बखूबी से पूरा करेंगे। इस अवसर पर रीना नागर, ममता दुबे, दीपा दुबे, निकिता शर्मा, रीना कुंभकार, आकृति शर्मा, रीना राठौर, भूमिका जैन, सपना कारपेंटर, जागृति सूर्यवंशी, ममता आर्य, रानी भेसोदिया, तमन्ना गुर्जर, मंजू मालवीय व समस्त टीचर उपस्थित थे।

**ज्योति शर्मा बनीं एक दिन के लिए प्रिंसिपल**







### नगर में विश्व कप जीत का मनाया जश्न

**नलखेड़ा।** रविवार रात को जैसे ही भारत ने टी 20 विश्व कप का फाइनल जीता नगर में जश्न प्रारंभ हो गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि होली दिवाली एक साथ मनाई जा रही है। भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा जैसे ही टी 20 विश्व कप जीता वैसे ही नगरवासी जश्न मनाने लग गए। वैसे न्यूज़ीलैंड के पांच विकेट गिरने के बाद से ही नगर में आतिशबाजी का दौर प्रारंभ हो गया था जोकि धीरे धीरे बढ़ता गया। अंतिम विकेट गिरते ही नगर में आतिशबाजी की आवाज सुनाई देने लगी। क्रिकेट प्रेमी राष्ट्रीय ध्वज लिए खुशियां मनाते चौक बाजार में पहुंचे जहाँ देर रात्रि तक आतिशबाजी कर एवं रंग गुलाल उड़ाकर डीजे पर नृत्य कर जमकर जश्न मनाया गया।

## शांतिनाथ जीव दया समिति सदस्यों ने रंग पंचमी पर जीव दया का कार्य किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन समाज की सामाजिक संस्था श्री शांतिनाथ जीवदया समिति द्वारा रंगपंचमी के पर्व पर गौशाला की गायों को तेल, घी वाली डेढ़ क्विंटल आटे की बाटी खिलाकर जीवदया की गई। रविवार को रंग पंचमी के पावन पर्व पर जहां युवा वर्ग रंगों की मस्ती में सराबोर होकर होली खेल रहे थे। वहीं शांतिनाथ जीव दया समिति के युवाओं द्वारा गौशाला पहुंचकर वहां स्थित गायों को तेल,घी वाली डेढ़ क्विंटल आटे की बाटी को खिलाकर जीवदया की गई। गौशाला में की गई जीवदया का वह दृश्य अद्भुत एवं अकल्पनीय लग रहा था। सभी गौ माताओं ने प्रसन्नता पूर्वक चारे एवं भूसे के साथ बाटी का भोजन ग्रहण किया।

ज्ञात रहे की जैन समाज की शांतिनाथ जीव दया समिति के सदस्यों द्वारा समय-समय पर जिसमें तीर्थंकर परमात्मा के जन्म एवं मोक्ष कल्याणक दिवस, गुरु भगवंतों की जन्म जयंती एवं पुण्यतिथि के साथ अन्य विभिन्न धार्मिक आयोजन, विवाह वर्षगांठ, बच्चों के जन्मदिन, परिजनों की पुण्यतिथि आदि अवसर के दौरान जीव दया का पुनीत व परोपकारी कार्य समाज जनों व लाभार्थी परिवारों के सहयोग से किया जाता है।

## कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की वक्ता डॉ प्रेरणा पाठक ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ रावल ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ से पूर्व पोस्ट बजट वेबिनार की थीम सबका साथ सबका विकास पर आयोजित वेबिनार का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में इन्टेक्टिव बोर्ड के माध्यम से डॉ गीतेश कुमार डावर द्वारा दिखाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रो संतोष कुमार कुमावत, सुधा शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## संभाली कानून-व्यवस्था की कमान, शहर में आमजन ने बढ़ाया उत्साह

# महिला दिवस पर रंग पंचमी का उत्सव, महिला अधिकारियों ने दिखाई सक्रियता से सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में रंग पंचमी का त्योहार पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर और गांवों में लोग सुबह से ही एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लेते दिखे। पारंपरिक गीतों और नृत्य के साथ त्योहार की खुशियां चारों ओर बिखरी रही। सुबह से शुरू हुआ रंग खेलने का सिलसिला दोपहर तक लगातार चलता रहा। लोग होली और लोकगीतों पर नाचते-गाते हुए पर्व का आनंद उठाते रहे। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चारों तरफ रंगों और गुलाल की छटा नजर आई।

### महिला अधिकारियों ने संभाली कानून व्यवस्था

इस वर्ष रंग पंचमी का पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ मेल खा रहा था। इसे देखते हुए महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया।

उन्होंने शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा और एसडीओपी पूजा शर्मा सहित अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी लगातार ड्यूटी करते रहे।

### पुलिस प्रमुख ने किया सम्मान

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

**बिजनेस साइट**

## मार्केट-कैप में बदलाव एक ऑल-कैप रणनीति को क्यों जरूरी बनाता है

**उज्जैन।** इक्विटी बाजार शायद ही कभी एक सीधी लाइन में चलते हैं। समय के साथ, लीडरशिप लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप के बीच बदलती रहती है, अक्सर बिना किसी खास चेतावनी के। हो सकता है कि एक साल मिड कैप का हो, लेकिन अगले साल लार्ज कैप अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं और कभी-कभी छोटी कंपनियां तेज रैली को लीड कर सकती हैं। हालांकि, इस तरह की तेजी के साथ अक्सर ज्यादा उतार-चढ़ाव और गहरे करेक्शन भी होते हैं। निवेशकों के लिए, मुख्य सवाल यह है: कोई इन बदलते बाजार के अलग अलग प्रभावशाली पहलुओं को अच्छे से कैसे पहचान कर सकता है?



**साहिल नीलेश शाह**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, उज्जैन

असली चुनौती इन बदलावों को सही टाइमिंग से समझने में है। इतिहास बताता है कि कई निवेशक सेगमेंट में तभी प्रवेश करते हैं जब उसने अच्छा प्रदर्शन दिया हो, और अक्सर उसके तुरंत बाद करेक्शन का सामना करना पड़ता है। जब किसी खास मार्केट-कैप सेगमेंट के आसपास उत्साह बनता है, तो आमतौर पर पीक के पास इनफ्लो बढ़ जाता है, जिससे शॉर्ट-टर्म नुकसान का जोखिम बढ़ जाता है।

**डायवर्सिफिकेशन मायने रखता है-** इस माहौल में, एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल-कैप सोच एक सेगमेंट पर ध्यान देने के बजाय बाजार कैपिटलाइजेशन में निवेश को फैलाकर इस चुनौती का समाधान करने की कोशिश करता है। इससे यह अनुमान लगाने पर निर्भरता कम हो जाती है कि कौन सी कैटेगरी आगे बेहतर परफॉर्म करेगी। जब एक वर्ग खराब प्रदर्शन करता है, तो दूसरा उसकी भरपाई कर सकता है, जिससे लंबे समय का सफर आसान हो जाता है।

**समझदार निवेशकों के लिए एक संभावित समाधान** - एक एक्टिव फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) स्ट्रक्चर डायवर्सिफिकेशन की एक और परत जोड़ता है। ऐसी स्कीम मार्केट कैप के स्पेक्ट्रम में कई अंडरलाइंग सक्रिय इक्विटी फंड्स में निवेश करती है। यह बड़े डायवर्सिफिकेशन को बनाए रखते हुए अलग-अलग रणनीति और फंड मैनेजर्स के लिए एक्सपोजर देता है।

सेगमेंट्स में अनुशासित आबंटन अभी खास तौर पर तब काम का हो सकता है जब बाजार में मूल्यांकन उत्साह के फेज के बाद ठंडा पड़ गया हो। मार्केट में शोर पर भावनात्मक तौर पर प्रतिक्रिया करने के बजाय, एक ऑल-कैप अप्रोच का मकसद मौकों के स्पेक्ट्रम में निवेशित रहना है।

लंबे समय के निवेशकों के लिए, सभी मार्केट कैप्स में हिस्सा लेना, स्ट्रक्चर्ड ओवरसाइट के साथ, मार्केट साइकिल के अलग-अलग फेज में वेल्थ क्रिएशन का एक ज्यादा मजबूत रास्ता दे सकता है।

**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ** - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की यह नवीनतम पेशकश निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड आंतरिक फ्रेमवर्क के जरिए लार्ज, मिड और स्मॉल कैप्स में पूरी सक्रियता के साथ प्रबंधित इक्विटी फंड्स में एक्सपोजर देती है। बदलते मार्केट हालात और पोर्टफोलियो असेसमेंट के हिसाब से फंड मैनेजर आबंटन को सक्रियता से प्रबंधित और एडजस्ट करते हैं। न्यू फंड ऑफर (एफओएफ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**चापडा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिला श्रम सेवा न्यास द्वारा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महिला श्रम सेवा न्यास संस्था सदस्य कविता गुर्जर ने बताया कि इस शिविर में 50 से 60 महिलाओं ने भाग लिया। डॉ. हरीश कोरी, भानु डेहरिया द्वारा महिलाओं व बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, ब्लड टेस्ट, सर्दी, खांसी, बुखार का भी इलाज किया गया।साथ ही महिलाओं को दवाईयां निशुल्क वितरित की गई। संस्था द्वारा उपस्थित महिला पुरुषों को स्वास्थ्य की जानकारी दी गई।

### महिला दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**देवास।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ देवास के जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय के मुख्य आतिथ्य एवं जिला मुख्य आयुक्त विष्णु वर्मा की अध्यक्षता तथा जिला कमिश्नर गाइड राजश्री काले के विशेष आतिथ्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की गाइडर विंग का सम्मान समारोह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। बालचर रवि मासिक पत्रिका के जिला संवाददाता हेमेंद्र निगम (काकू)ने बताया कि अतिथियों ने मां सरस्वती जी का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उपस्थित सभी गाइडर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री भारतीय ने कहा कि महिलाओं की समाज को दिशा देने में महती भूमिका है और वे उसका बखूबी निर्वहन करती है। श्री वर्मा ने कहा नई पीढ़ी में संस्कार देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महिलाओं की है। श्रीमती काले ने कहा कि हमारे बच्चों के पहनावे और चरित्र निर्माण को तय करना हमारी सबकी जिम्मेदारी है।

### टी-20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न में शहर के सयाजी द्वार पर बवाल

# हुड़दंगियों द्वारा जलते बम फेंकने से मची अफरा-तफरी, सीएसपी सहित 3 घायल

### कोतवाली पुलिस की कार्रवाई: सीसीटीवी फुटेज से 4 हुड़दंगी गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की पहचान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद जहां पूरे देश में जश्न का माहौल रहा। वहीं देवास में यह जश्न कुछ देर के लिए बवाल में बदल गया। शहर के सयाजी द्वार पर रविवार रात जश्न के दौरान कुछ युवकों ने जलते पटाखे और बम भीड़ व पुलिस की ओर फेंक दिए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी अनुसार भारतीय टीम की जीत के बाद बड़ी संख्या में लोग सयाजी द्वार पर एकत्रित होकर जश्न मना रहे थे। लोग तिरंगा लहरा रहे थे, रंग-गुलाल उड़ा रहे थे और आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे थे। इसी दौरान भीड़ में मौजूद कुछ हुड़दंगियों ने एक-दूसरे और आसपास मौजूद लोगों की ओर जलते पटाखे और बम फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुए विस्फोट और चिंगारियों के कारण मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पटाखों के विस्फोट से उज्जैन से ड्यूटी पर आए क्विक रिस्पॉन्स बल के जवान आशीष यादव और सुरेंद्र श्रीवास घायल हो गए। सुरेंद्र श्रीवास के सिर और मुंह पर चोट आई। दोनों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं एक पटाखा सीएसपी सुमित अग्रवाल के कान के पास फट गया, जिसके बाद एहतियातन उनका एमजी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। घटना के बाद हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ी और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए



हल्का लाठीचार्ज भी किया गया।

#### सीसीटीवी से पहचान 4 युवक गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चार युवकों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जश्न के दौरान एक-दूसरे पर पटाखे फोड़कर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने आदर्श पिता मुकेश पडियार (29) निवासी भेरूगढ़, देवास, नितिन पिता मदनलाल कुमावत (28) निवासी राजाराम नगर, देवास आदित्य गुप्ता (19) पिता गोपाल गुप्ता निवासी बालगढ़, देवास, आयुष पिता राकेश अहीर (23) निवासी शनि मंदिर क्षेत्र, देवास को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही घटना में शामिल अन्य



युवकों की पहचान के लिए भी सीसीटीवी फुटेज और वीडियो की जांच की जा रही है। मामले में एसपी पुनीत गेहलोद का कहना है कि जश्न के नाम पर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुंजापुरा वन अमले की बड़ी कार्रवाईः सागौन तस्करी करते 8 आरोपी पकड़े

### पिकअप व 2 मोटरसाइकिल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पुंजापुरा वन परिक्षेत्र के वन अमले ने सागौन लकड़ी की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक पिकअप वाहन और दो मोटरसाइकिल जब्त की हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल बागली भेज दिया गया।

#### सूचना मिलते ही अलर्ट किया जारी

वन विभाग को शनिवार-रविवार की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि हरदा और खंडवा जिले के तस्कर सागौन की लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वनमंडल अधिकारी अमित चौहान के मार्गदर्शन तथा उपवनमंडल अधिकारी अंकित जामोद के निर्देशन में पूरे वनमंडल क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया और सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को सघन रात्रि गश्त के निर्देश दिए गए।निर्देशों के पालन में वन परिक्षेत्र अधिकारी पुंजापुरा सत्येंद्र सिंह ठाकुर द्वारा गठित टीम रात्रि गश्त के दौरान पिपरी-धरडी रोड पर निगरानी कर रही थी।

#### वाहन की ली तलाशी, मिली लकड़ी

इसी दौरान एक संदिग्ध महिंद्रा पिकअप वाहन (क्रमांक MH 41 AG 0665) बीट धरडी के कक्ष क्रमांक 517 की ओर से पिपरी की ओर आता दिखाई दिया। वाहन को रोककर तलाशी लेने पर उसमें 8 लोग सवार थे तथा सागौन के 5 लट्ठे पाए गए। जैसे ही वन अमले ने कार्रवाई शुरू की, वाहन में सवार लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन सतर्क वनकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया और लकड़ी सहित वाहन जब्त कर वन अपराध दर्ज किया गया।

#### वन अमले ने की घेराबंदी, चालक हुआ फरार

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके साथ दो मोटरसाइकिल आगे पायलटिंग कर रही थीं। इस सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी कांटाफोड़ विधि सिरोलिया ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर पुंजापुरा-कांटाफोड़ रोड पर दोनों मोटरसाइकिलों को रोक लिया। हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, लेकिन होंडा शाइन (MP 47 MM 2258) और हीरो स्प्लेंडर प्लस (MP 41 ZD 0620) मोटरसाइकिल जब्त कर ली गईं।इस पूरी कार्रवाई में वनपाल विजय मौर्य, मूलचंद भार्गव, तेजसिंह पवार तथा वनरक्षक नंदकिशोर सालित्रा, देवीसिंह भार्गव, विक्रम माली, नीरज पर्ते, तरुण गंगराड़े, सुखलाल मंडलोई, गिरधारलाल राठौर, हरिश परमार, सुरपाल वास्केल, मुकेश तंवर, मोहनलाल पंचोनिया, दुर्गाप्रसाद पवार, जगदीश सरोलिया, अर्पित शर्मा और दिनेश मौर्य सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

### आतिशबाजी के साथ मनाई खुशी

**देवास।** भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हुए टी-20 विश्व कप फाइनल को लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिला। इसी उत्साह के बीच श्री हरि डिवाइन ब्लेसिंग सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं श्री हरि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा चामुंडा पैलेस में बड़ी स्क्रीन पर फाइनल मैच का लाइव प्रसारण किया गया, जहां क्रिकेट प्रेमियों ने भारत की जीत का जमकर जश्न मनाया। सभी ने फाइनल मैच का आनंद लिया, जीत पर खुशी जाहिर की।

## कुष्ठ अक्षमता रोकथाम एवं निवारण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर कुष्ठ अक्षमता रोकथाम एवं निवारण शिविर ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ. अमित नागर के मार्गदर्शन मे डॉ.हेमन्त पटेल, दिनेश सोलंकी और अखिलेश मिश्रा कि उपस्थित में संपन्न हुआ।

अतिथियों द्वारा इस अभियान के संबंध में शिविर में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि कुष्ठ रोग



माइकोबैक्टीरियम लेप्रीनामक जीवाणु से होने वाली एक दीर्घकालिक संक्रामक बीमारी है, जो त्वचा, नसों, श्वसन पथ और आंखों को प्रभावित करती है। यह पूरी तरह से इलाज योग्य है, लेकिन सही समय पर उपचार न मिलने से यह स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है। यह रोग सांस के माध्यम से, लंबी अवधि के करीबी संपर्क (छींक या खांसी) से फैल सकता है, लेकिन 95% लोगों में स्वाभाविक प्रतिरोधक क्षमता होती है। कुष्ठ रोग का उपचार मल्टी-ड्रग थेरेपी द्वारा किया जाता है, जो 6 से 12 महीने तक चल सकती है। इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क होता है।

इस दौरान रतनसिह जामले, राधेश्याम चौहान, सुपरवायजर नन्दकिशोर मोहवाल, मनोहर यादव, राजेश गुर्जर, मानसी गुप्ता, मेहरू सिह, सचिन खेरदे, शिवेन्द्र, नेमीचन्द, सुरेश वाजपेयी, किशोर मण्डलोई आदि उपस्थित रहे।

## जिम संचालक व भवन स्वामी पर प्रकरण किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार शहर में अशांति फैलाने, अवैध गतिविधियों तथा कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अवैध रूप से संचालित किए जा रहे एक जिम के संचालक और भवन स्वामी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को आवेदक गोपाल खत्री पिता शिवनारायण खत्री निवासी ईडब्ल्यूएस 419 जयप्रकाश नगर देवास ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया।



आवेदन में बताया गया कि बालगढ़ रोड स्थित 'वर्कआउट' जिम का संचालन मुर्तजा सैफी निवासी बालगढ़ द्वारा इमरान शेख निवासी मिल रोड देवास की बिल्डिंग में किया जा रहा है। जिम में अवैध गतिविधियां संचालित होने की भी शिकायत की गई, जिससे आसपास के रहवासियों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है और क्षेत्र में गलत संदेश जा रहा है। आवेदन की जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि जिम संचालक मुर्तजा सैफी द्वारा जिम संचालन के संबंध में थाने में कोई लिखित सूचना नहीं दी गई थी। साथ ही जिम में कार्यरत कर्मचारियों तथा आने-जाने वाले व्यक्तियों के संबंध में भी कोई जानकारी पुलिस को उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं भवन मालिक इमरान शेख द्वारा भी मकान किरायेदार की सूचना थाने में नहीं दी गई, जो कि जिला दण्डाधिकारी के प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन पाया गया।पुलिस ने इस मामले में जिम संचालक मुर्तजा सैफी तथा भवन मालिक इमरान शेख के विरुद्ध थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।उक्त कार्रवाई में थाना औद्योगिक क्षेत्र के थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, उपनिरीक्षक नरेंद्र अम्करे, आरक्षक अर्पित तथा आरक्षक लक्ष्मीकांत की भूमिका रही।

## धुलेंडी की रात विवाद ने पकड़ा तूल, वाल्मिकी समाज सैकड़ों की संख्या में पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

धुलेंडी की रात दो पक्षों के बीच हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद मामला इतना बढ़ गया कि वाल्मिकी समाज और राठौर समाज के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों समाजों के लोगों ने अपने-अपने स्तर पर एकत्रित होकर पुलिस थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की।इसी कड़ी में सोमवार को वाल्मिकी समाज के सैकड़ों लोग कांटाफोड़ थाना पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि धुलेंडी की रात हुए विवाद में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए , ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। वाल्मिकी समाज के लोगों का कहना है कि यदि दो दिन के भीतर



आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो समाज प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रशासन ने समाजजनों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

### आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# सुगमता से दर्शन के आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को माँ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, नगर निगम, वन विभाग, यातायात, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि माताजी टेकरी पर दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

टेकरी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिशा-निर्देश के पोस्टर लगाएं और दूरी भी लिखें। श्रद्धालुओं को प्रसाद लेने के लिए कोई भी दुकानदार परेशान नहीं करें, इस संबंध में दुकानदारों की बैठक लें। माताजी टेकरी के आसपास लगने वाली दुकानों को शर्तो के साथ अनुमति दें। कोई भी दुकानदार 'प्रसाद' के नाम पर ग्राहकों से पार्किंग का पैसा नहीं वसूलेगा। 'प्रसाद' के नाम पर पार्किंग का पैसा वसूलने पर संबंधित पर कार्यवाही की जायेगी। माताजी टेकरी पर सभी सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में रहना चाहिए। कंट्रोल रूम से 24 घण्टे मानिटरिंग करें। नवरात्रि पर मंदिर समिति प्रसाद वितरण के लिए पर्याप्त काउन्टर बनाये।

ऑनलाइन दान के लिए टेकरी परिसर में जगह-जगह बारकोड लगाये। कलेक्टर सिंह ने पार्किंग व्यवस्था की जानकारी लेकर पार्किंग के लिए फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के लिए ड्यूटी ऑर्डर निकालें और कर्मचारियों की बैठक लेकर ड्यूटी संबंधी जानकारी दें। नवरात्रि में ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारी आईडी कार्ड धारण कर रखें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि टेकरी स्थित समस्त मंदिरों एवं सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र की चौबीसों घंटे साफ सफाई की जाये। मंदिर के आसपास मांस/मदिरा की दुकानें प्रतिबंधित रहेगी। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए टेकरी पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। पानी के स्टॉल लगाने के लिए जगह चिन्हित करे लें। टेकरी पर जहां कारपेट की जरूरत है, वहां कारपेट बिछाये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर भी पेयजल की व्यवस्था की जाये। परिक्रमा मार्ग पर टूटी हुई जालियों को दुरूस्थ किया जाए।

परिक्रमा पथ पर दिव्यांगजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की जाये।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि निःशुल्क पार्किंग के लिए लगातार अनाउंसमेंट किया जाये। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए पर्याप्त मात्रा में साइन बोर्ड लगाये जाए।

## श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

क्षेत्र के गुरूगोविंद नगर में स्व. प्रहलाद पाटीदार एवं बुद्धि बाई पाटीदार की स्मृति में उनकी पुत्री सीमा पाटीदार द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिवस व्यास पर पीठ से प्रवक्ता पंडित कन्हैया नागर ने भगवान गोपाल कृष्ण की कथा में भगवान के अवतार की कथा कही। जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान छोटे बालक को कृष्ण रूप में सजाया गया। वही भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। एक दूसरे को कान्हा के जन्म की बधाई दी गई एवं रंग पंचमी के पावन अवसर पर फाग के गीतों पर पंडाल में रंग गुलाल की होली खेली गई। भक्त भजनों की धुन पर थिरकते नजर आएं। भागवत कथा आयोजक सीमा पाटीदार का वार्ड पार्षद अनिरुद्ध शर्मा के द्वारा स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में पिता पुत्री की मौत

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम साढूमल के पास शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हृदय विदारक घटना में मोटरसाइकिल पर सवार पिता और उनकी मासूम पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना नाराहट के ग्राम कलरव निवासी पूजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार, 6 मार्च की शाम करीब 6.30 बजे अपने पति बृजेश अहिरवार और पुत्री पूनम के साथ मोटरसाइकिल (यू.पी.94 जेड 3982) पर सवार होकर अपने मायके डोगरा खुर्द से ससुराल कलरव जा रही थीं। जैसे ही वे साढूमल गांव के पास पहुँचे, सामने से आ रहे एक महिंद्रा ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। पीड़िता का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक मनीराम उर्फ चन्दी निवासी साढूमल शराब के नशे में धुत था और वाहन को अत्यंत तेज गति व लापरवाही से चला रहा था। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बृजेश और उनकी बेटी पूनम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पूजा खुद भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जिनका उपचार चल रहा है। मड़ावरा पुलिस ने रविवार को मृतका के परिजनों द्वारा प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी चालक मनीराम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दबंगों ने युवक को लाठी से पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम रोड़ा में आपसी विवाद के चलते दो भाइयों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रोड़ा निवासी रहीश कुमार पुत्र जनु कुमार ने पुलिस को दी लिखित तहरीर में बताया कि रविवार, 8 मार्च की रात करीब 10 बजे वह अपने गांव में ही था। इसी दौरान गांव के ही निवासी कैलाश और उसके बड़े भाई राजधर पुत्रगण कुन्जा वहां आए और बिना किसी ठोस कारण के अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने बताया कि गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। कैलाश और राजधर ने मिलकर मारपीट की और सिर पर लाठी से जोरदार प्रहार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गया। वादी का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जिला बार एसोसिएशन के चुनाव का रास्ता साफ

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता अब समाप्त हो गई है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जनपद में चुनाव संपन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिए हैं। काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ द्वारा पारित आदेश के अनुसार, अब एक माह के भीतर चुनाव प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करना होगा। दस्तावेजों के अनुसार, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जीवनधर लाल जैन एड. द्वारा प्रेषित पत्र पर संज्ञान लेते हुए बार काउंसिल ने यह निर्णय लिया है। अध्यक्ष/मंत्री जिला बार एसोसिएशन को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं की सूची के आधार पर नियमानुसार एल्डर्स कमेटी का गठन करें। यह कमेटी मॉडल बायलॉज के नियमों और उपनियमों के अंतर्गत चुनाव संपन्न कराएगी। बार काउंसिल के आदेश 8 मार्च के माध्यम से वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। चुनाव संपन्न होने के तत्काल बाद परिणामों से बार काउंसिल को अवगत कराना अनिवार्य होगा। इस महत्वपूर्ण आदेश की प्रति जिला जज और जिलाधिकारी ललितपुर को भी प्रेषित की गई है, ताकि संबंधित पक्षों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अब चुनावी हलचल तेज होने की उम्मीद है।

## जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# अफसरों व बैंक प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही तक की ऋण वितरण प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 2823.1 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 85.15 प्रतिशत उपलब्धि के साथ कुल 2403.3 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। इस प्रगति पर अधिकांश बैंकों द्वारा लक्ष्य प्राप्त किए जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया।

बैठक में एडीएम ने इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक तथा आईडीबीआई बैंक द्वारा वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) के सापेक्ष अपेक्षित ऋण वितरण न किए जाने तथा सीडी रेश्यो (क्रेडिट-डिपॉजिट रेश्यो) के राष्ट्रीय मानक 60 प्रतिशत से कम रहने पर नाराजगी व्यक्त की। संबंधित बैंकों को निर्देश दिए गए कि वह ऋण वितरण में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य शीघ्र प्राप्त करें। सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत लंबित मामलों का निस्तारण 22 मार्च से पूर्व सुनिश्चित करें, क्योंकि इन योजनाओं की विशेष समीक्षा सीएम-बोर्ड के माध्यम से की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की रैंकिंग बेहतर बनाए रखने के लिए सभी बैंक अपनी कार्यवाही में तेजी लाएं। यदि जिले की रैंकिंग में गिरावट आती है तो संबंधित बैंकों के उच्च अधिकारियों को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए

बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित अन्य योजनाओं में प्रगति बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही बैंकर्स को स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज तथा मुख्यमंत्री युवा ऋण योजना के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान एलडीएम रंजीत कुमार ने सभी जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि शाखाओं में लंबित ऋण पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, जिससे जनपद की रैंकिंग में शीघ्र सुधार हो सके।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं, जैसे एनआरएलएम-एसएचजी तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिला न्यायालय के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, 14 मार्च 2026 को दृष्टिगत रखते हुए सभी बैंक एनपीए रिकवरी अभियान के तहत अधिक से अधिक नोटिस संबंधित उधारकर्ताओं को भेजें तथा बैंकिंग नियमों के अनुसार अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण ओटीएस/ कम्प्रोमाइज के माध्यम से सुनिश्चित करें।

बैठक में अनुसूचित जनजाति एवं आदिवासी लाभार्थियों के डेयरी केसीसी से संबंधित लंबित मामलों में शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित करने, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओडीओपी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान तथा अन्य सरकार प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीडी कृषि यशराज सिंह, डीएओ राजीव कुमार, उद्योग केन्द्र से जमाल अख्तर, सलिल अर्कवंशी, मुकेश पटेल, सतीशचंद्र, आरसेटी प्रतिनिधि, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम को ज्ञापन सौंपा

# जाखलौन पंप कैनाल नहर चालू करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर जाखलौन पंप कैनाल नहर को पुनः चालू कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अंतिम सिंचाई न मिल पाने के कारण क्षेत्र की फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में किसानों ने अवगत कराया कि जाखलौन पंप कैनाल से जुडे अनेक ग्रामों जैसे जाखलौन, जाखलौन तालबेहट, बुढ़वार, दैलवारा आदि क्षेत्रों में किसानों की अंतिम सिंचाई का पानी अभी तक खेतों तक नहीं पहुँच पाया है। इसके कारण गेहूं और अन्य फसलों के दाने पतले रहने और पैदावार घटने का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि फसल सूखने की स्थिति में किसानों को भारी नुकसान होगा। किसानों को डर है कि इस बार उनकी मेहनत की लागत भी नहीं निकल पाएगी। किसानों ने जिला प्रशासन से विनम्र निवेदन किया है कि किसानों के व्यापक हित को देखते हुए कुछ समय के लिए जाखलौन पंप कैनाल को फिर से चलाने के आदेश जारी किए जाएं। इस दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष कृष्णकान्त कांकर, जिला उपाध्यक्ष आनन्द देवलिया, आशीष कुमार, शिवशंकर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# नारी को शक्ति-क्षमता, सृजन की प्रतीक रूप में स्वीकार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




समाज और सभ्यता के निर्माण में नारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और आधारभूत रही है। जिस घर की स्त्रियां सत्य, करुणा और संस्कारों का पालन करती हैं, वही घर महान व्यक्तित्वों की जन्मभूमि बनता है।

वास्तव में नारी केवल परिवार की संरक्षिका ही नहीं, बल्कि वह संस्कारों की प्रथम गुरु भी है। स्वतंत्र पत्रकार/ स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा बताते हैं कि जब एक शिशु इस संसार में जन्म लेता है, तो प्रकृति उसे भूख की अनुभूति देती है और उसी क्षण माँ अपने वात्सल्य से उसे पोषण प्रदान करती है। माँ का दूध केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि प्रेम, ममता और संवेदनाओं के बीजों को भी सींचता है। इसी कारण कहा गया है कि संसार में माँ से बढ़कर कोई गुरु नहीं होता। बच्चे के व्यक्तित्व, संस्कार और चरित्र के निर्माण में माँ की भूमिका सबसे अधिक प्रभावी होती है। समय के साथ समाज में नारी मुक्ति और समानता की बातें व्यापक रूप से उठी हैं। किन्तु केवल नारों और कानूनों से वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं होता। आज भी समाज के अनेक हिस्सों में महिलाओं के प्रति संकीर्ण और पुरुषवादी मानसिकता दिखाई देती है। सामान्य बोलचाल में प्रयुक्त होने वाली गाली-गलौज में भी स्त्री के प्रति अपमानजनक दृष्टिकोण झलक जाता है। यह स्थिति दर्शाती है कि मानसिकता के स्तर पर अभी भी बदलाव की आवश्यकता है। भारतीय संविधान स्त्री और पुरुष को समान अधिकार प्रदान करता है। परंतु केवल समानता की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक समानता तब स्थापित होती है जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और आत्मविकास के समान अवसर मिलें। लंबे समय तक घर की देखभाल और बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी केवल महिला पर डाल देने से उसके व्यक्तित्व का विकास सीमित हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि परिवार के सभी सदस्य घरेलू कार्यों में सहयोग करें और महिलाओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करें। वर्तमान समाज में दहेज जैसी कुप्रथाएँ भी महिलाओं के सम्मान और अधिकारों पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। अनेक बेटियाँ बिना दहेज के अपने ससुराल में आकर प्रेम, समर्पण, सहिष्णुता और सामंजस्य से परिवार को संवारती हैं, परंतु भौतिकवादी समाज अक्सर इन गुणों की अनदेखी कर देता है। इसके विपरीत जो महिलाएँ शिक्षा और परिश्रम के बल पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं, वे परिवार और समाज दोनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनकी आत्मनिर्भरता पारिवारिक जीवन को सुदृढ़ बनाती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा देती है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि यह आत्मचिंतन का भी दिन है। यह दिन हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हम महिलाओं को सम्मान, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए कितना प्रयास कर रहे हैं। वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब समाज में नारी को केवल करुणा और त्याग की प्रतिमूर्ति ही नहीं, बल्कि शक्ति, क्षमता और सृजन की प्रतीक के रूप में भी स्वीकार किया जाए। जब हर घर में स्त्री का सम्मान होगा, तभी समाज में सच्चे अर्थों में विकास और मानवता का प्रकाश फैल सकेगा।

# नगर स्वच्छता में महिला कर्मियों का अग्रणी रोल, सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



**नगर पालिका परिषद ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, ललितपुर के सभाकक्ष में अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान कर फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन (अभिलाषा) की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में महिला सफाई कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि नगर की महिला सफाई कर्मचारियों को उनके समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महिलाओं के योगदान को सराहना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष महोदया व अधिकारियों ने महिला सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल, साड़ी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने समस्त महिला कर्मचारियों को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और महिला कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ करती हैं। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी पर भी प्रकाश डाला तथा कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की सशक्त आधारशिला हैं और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी महिला कर्मियों से अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने, नियमित रूप से सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी महोदय ने कहा कि नगर पालिका महिला कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी भूमिका को मजबूती से निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ सफाई प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, अधिष्ठान लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चैबे, लिपिक दीपेन्द्र बाबू, लिपिक सुधीर रावत, लिपिक चन्द्र विनोद मिश्रा, अमित पाराशर, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत बाबा, राष्ट्रीय महासचिव कुंजबिहारी बावरा, प्रदेश सचिव अमित खरे, मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार करोसिया, जिला अध्यक्ष आदर्श करोसिया, कोषाध्यक्ष अभिषेक, वरिष्ठ समाजसेवी प्रियंक करोसिया, रामू पहलवान, सदस्य अजय कुमार, सदस्य सनी बावरा, जिनेन्द्र करोसिया, रजनीश कुमार सपेरा, अरविन्द, भीम करोसिया, राहुल घावरी, प्रदीप कुमार धौलपुरिया एवं सुनील नरबारे , पुष्पेन्द्र घावरी, विक्की करोसिया, सुजीत, कपिल घावरी, प्रवीण बेनबार, संतोष करोसिया, राजीव घावरी, सौरभ बावरा, प्रशांत शहरदार सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार


# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूटी यात्रा निकाली

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा महिलाओं में आत्मविश्वास, आत्मनिर्णय के विकास हेतु, आध्यात्मिक ज्ञान-राजयोग और सामाजिक जागरूकता का संदेश देने के लिए विशेष स्कूटी यात्रा निकाली गई। जिसमें वरदानी भवन में मुख्य अतिथि के रूप में आई हुई नगर पालिका अध्यक्ष बहन सोनाली जैन ने दीप प्रज्वलित करते हुए, ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार व्यक्त किया कि यहां आकर हमें बहुत खुशी हुई, यह वह स्थान है जहां आकर हम सभी को परमात्म प्यार का अनुभव होता है।

कहते हैं कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला है। लेकिन एक क्षेत्र भी है। वह आध्यात्मिकता का क्षेत्र जिसमें आप सभी ब्रह्माकुारी दीदी अपनी त्याग, तपस्या, शक्तियों से हम सभी की खुशी के लिए प्रयास कर रही है। सेवाकेंद्र संचालिका बीके चित्ररेखा दीदी ने कहा कि यह परमात्मा स्वयं आकर हम सभी को नर से श्री नारायण और नारी से श्री लक्ष्मी बनाता है। यही इस विश्व विद्यालय का लक्ष्य है। सच कहे तो यह आत्मा का ब्यूटी पार्लर है। जहां आत्मा की भावनाओं को सुंदर और श्रेष्ठ बनाया जाता है। कुमारी सुभाली ने जन-जन का कल्याण करें, वह शिव-शक्ति नारी.. एवं कुमारी काव्या ने नारी की गौरव गाथा, तू है सबकी भाग्य विधाता... गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में बीके बहनों ने महिला आत्म-जाग्रति प्रति प्रेरणादाई विचार व्यक्त किया दिया। जिसमें बीके मायारानी दीदी, गीता दीदी, रुबी दीदी, प्रियंका दीदी, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन, सीमा नरवरिया, रेखा सिंधी, क्रांति बहन, मुस्कान बहन, माही निरंजन, अंशिका राजा बुंदेला, दीपिका राजा बुंदेला, आंचल यादव, उर्मिला बहन, मंजू साहू, स्वर्णा कंचन, चंदा साहू, खुशबू बहन, सृष्टि बहन, सुहानी बहन, हर्षिता चौरसिया, मुन्नी राजा बुंदेला, मंजू साहू, नमिता श्रीवास्तव, सुशीला माताजी, रामस्वरूप साहू, केशव प्रसाद पांडे, महेश कंचन, रोहित श्रीवास्तव, नितिन निरंजन, किशोर भाई, सुनील चौरसिया, विनोद यादव, रामराजा भाई एवं अनेक बीके भाई-बहन सम्मिलित रहे।

# ओमकरण ने 19वीं बार रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जहां पूरे विश्व में नारी शक्ति का सम्मान किया जा रहा है, वहीं समाजसेवी ओमकरण सिंह गौर ने एक अलग और प्रेरणादायक तरीके से इस दिन को यादगार बनाया। उन्होंने 19वीं बार रक्तदान कर मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की और समाज को सेवा का संदेश दिया। रक्तदान करने के पश्चात ओमकरण सिंह गौर ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव मनाने का ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी दिन है। उन्होंने युवाओं और उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है। हमारे थोड़े से प्रयास से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा दुनिया में कोई पुण्य नहीं है। इस अवसर पर मौजूद गणमान्य नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने उनके इस कार्य की सराहना की। उपस्थित लोगों का कहना था कि ओमकरण सिंह गौर द्वारा नियमित अंतराल पर रक्तदान करना समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण है।

# दबंगों ने घर के दरवाजे पर बैठी महिला को पीटा बचाने आए पति व देवर पर भी हमला किया

**ललितपुर।** थाना पूराकलां के ग्राम झावर मजरा मातेरा में घर के बाहर बैठी एक महिला के साथ पड़ोस के ही चार दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए महिला के पति और देवर को भी आरोपियों ने पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम झावर निवासी शिवानी पत्नी प्रदीप सेन ने पुलिस को बताया कि शनिवार, 7 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी मोहल्ले के ही महिताब पुत्र आशाराम, श्रीपत पुत्र भैयालाल, राघवेंद्र पुत्र श्रीपत और अमित पुत्र भानसिंह लोधी वहां आए और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। शिवानी के अनुसार, जब उसने गाली देने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने उग्र होकर उसे लात-घूंसों और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर जब उसका पति प्रदीप और देवर बिट्टी बचाने के लिए आए, तो दबंगों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा। जाते-जाते आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए। रविवार शाम को पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट

ललितपुर। थाना महरौनी के अंतर्गत ग्राम बम्हौरीघाट में पुरानी रंजिश और बेवजह विवाद के चलते दबंगों ने एक युवक के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में बीच-बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम बम्हौरीघाट निवासी प्रदीप कुमार पुत्र शीलचन्द्र अहिरवार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार, 6 मार्च की रात करीब 8 बजे वह गांव के स्कूल की पुलिया के पास बैठा था। तभी गांव का ही निरपत पुत्र सुन्दरा अहिरवार वहां आया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। विवाद से बचने के लिए प्रदीप वहां से उठकर अपने घर आ गया, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गया। आरोप है कि कुछ ही देर में निरपत अपने पुत्र आशीष और परिवार की महिलाओं (सुखवती व सियाबाई) के साथ प्रदीप के घर में घुस आया।

## श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने उमड़े श्रोता

# ज्ञान व वैराग्य के बिना भक्ति संभव नहीं: बालभरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्री तुवन मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत प्रवक्ता स्वामी बालभरत महाराज ने कहा कि बिना ज्ञान और वैराग्य के सच्ची भक्ति संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव केवल बाहरी आडंबर और मूर्ति तक सीमित भक्ति करने लगा है, जबकि सच्ची भक्ति के लिए विवेक, ज्ञान और वैराग्य का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से ही मनुष्य में विवेक जागृत होता है। जब विवेक जागता है तो भौतिक सुख-साधनों के प्रति मोह कम होने लगता है और जीवन में ज्ञान व वैराग्य का उदय होता है। उसी स्थिति में भक्ति का भाव प्रकट होता है और भगवान की सच्ची कृपा प्राप्त होती है। स्वामी जी ने कहा कि श्रेष्ठ गुरु की शरणागति ही भक्ति का वास्तविक मार्ग है और शास्त्रसम्मत जीवन ही मनुष्य को मुक्ति की ओर ले जाता है। श्रीमद् भागवत महापुराण को पंचम वेद बताते हुए उन्होंने कहा कि इस कथा का श्रवण कलियुग के कष्टों को दूर करता है। नौहर कलॉ परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन के दूसरे दिन स्वामी जी ने कहा कि संतों की शरण में रहने से भगवान की प्राप्ति निश्चित होती है। उन्होंने कहा कि आज की भौतिकतावादी सोच मनुष्य को पथभ्रष्ट करने का प्रयास कर रही है, इसलिए विवेक के साथ अपने कर्मों का निर्धारण करना अत्यंत आवश्यक है। कथा 9 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से आयोजित की जा रही है। कथा प्रारंभ के अवसर पर यजमान कल्याण सिंह यादव ने श्रीमद् भागवत महापुराण की पोथी पूजन एवं व्यास पूजन संपन्न कराया। कथा के दौरान अभिषेक पांडेय, धर्मेंद्र रावत, राजीव बलेले, अनुजकांत दीक्षित, आशीष लिटौरिया, निखिल तिवारी, प्रतीक जैन, जगमोहन राजपूत, जमुना प्रसाद झा, भगवत नारायण बाजपेयी, पं. बालकृष्ण नायक ह्यनन्नाह्ण, प्रशांत शुक्ला, प्रियंक वैध सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रातःकालीन सत्र में श्री तुवन मंदिर परिसर में वैदिक विद्वानों पं. प्रदीप चतुर्वेदी, पं. अतुल मिश्रा, पं. प्रिंस वैद्य, पं. मनोज मिश्रा और पं. अंकित मिश्रा के निर्देशन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं वैदिक विधि-विधान से रुद्राभिषेक कराया गया। इस अनुष्ठान में यजमान के रूप में कल्याण सिंह यादव, जमुना प्रसाद झा, जगमोहन राजपूत, राकेश झा सहित अन्य श्रद्धालु परिवार सहित उपस्थित रहे।

### दूर-दराज शहरों से आए हिंदू दुकानदार पलायन को हो रहे हैं मजबूर

# राजगढ़ उर्स लगने से पहले ही अनियमितताओं का दौर शुरू



**4 माह बाकी होने पर भी नई कमेटी का कर दिया गठन**

लेकिन हद तो जब हो गई कि वक्फ बोर्ड ने पूर्व की कमेटी के चार माह बाकी होने पर भी एक नई कमेटी पैराशूट से उतार दी। नव गठित कमेटी ने पूर्व कमेटी से अपना हिसाब किताब मांगना शुरू कर दिया और पूर्व कमेटी के द्वारा किए गए सभी टेंडर को निरस्त करते हुए अपने निजी मनगढ़ंत कहानी बनाकर निजी स्वार्थ के लिए मनगढंत टेंडर करना शुरू कर दिए। लेकिन जब मेले का दिन करीब आने लगा वैसे ही शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों में रोस सा छा गया और दबी जुबान से सब वक्फ बोर्ड का विरोध करने पर उतारू हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/राजगढ़

जिले में स्थित सूफी बाबा बदख्सानी रहमतुल्लाह अलैह के यहां होने वाले सालाना उर्स मुबारक का आगाज हो चुका है। बता दें कि तत्कालीन प्रबंधन कमेटी जो की मोहम्मद शफीक गाम के नेतृत्व में लगातार अपने कार्य को अंजाम दे रही थी जबकि वक्फ बोर्ड ने उर्स मुबारक संपन्न करने के लिए सफीक गाम कि प्रबंधन कमेटी को नोटिफिकेशन जारी करते हुए आदेश किया



था कि उर्स संपन्न करने के लिए झूले लाइट सफाई अपनी पार्किंग जैसी सभी टेंडर के लिए विज्ञप्ति जारी की जाए जिससे कि आने वाले उर्स में किसी भी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। वक्फ बोर्ड के पालन में तत्कालीन समिति ने विज्ञप्तियां जारी करते हुए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी जबकि टेंडर की समय सीमा तक जो बिजली झूले एवं पार्किंग के जो टेंडर आए थे वह टेंडर होने की अंतिम तारीख के पहले वक्फ बोर्ड ने फिर से एक फरमान जारी कर दिया जिसमें वक्फ बोर्ड ने एक नई समिति को गठित कर दिया जबकि पूर्व की तत्कालीन शफीक गाम वाली कमेटी का 4 माह का कार्यकाल बाकी था।

वक्फ बोर्ड ने जैसे ही नई कमेटी की घोषणा कर दी इसके बाद जब राजगढ़ में हलचल का दौर शुरू होगया। बता दें कि पूर्व कमेटी के द्वारा किए गए सभी टेंडर को नवनियुक्त कमेटी ने निरस्त कर दिया जबकि नियम अनुसार पूर्व कमेटी को वक्फ बोर्ड ने आदेशित किया था कि टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के लिए विज्ञप्ति जारी कर टेंडर करवाया जाए इसी के चलते पूर्व कमेटी ने सुचारू रूप से अपने कार्य को अंजाम देते हुए सभी प्रक्रियाएं सतत जारी रखी। प्रदेश अध्यक्ष वक्फ बोर्ड सनवर पटेल ने कहा, मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है शिकायत आएगी तो कार्रवाई होगी।

## क्यों दिया चार माह पहले इस्तीफा

पूर्व कमेटी के सदर सफीक गाम से आखीर चार माह बाकी होने के पहले ही इस्तीफा क्यों ले लिया गया और अगर इस्तीफा अगर लेना ही था तो उन्हें उर्स करने के लिए टेंडर एवं विज्ञप्तियों के लिए बोर्ड ने क्यों नोटिफिकेशन जारी किया। लेकिन बड़ी बात तो यह है कि जब नवगठित कमेटी ने जैसे-जैसे काम शुरू किया तो अनेकों अनियमिताएं देखने में सामने आने लगी उर्स के पहले बाबा हुजूर की गुंबद का कलश उतारा जाता है एवं गुसल के बाद वापस कलश शरीफ चढ़ाया जाता है उसमें कलश को अदब एतराम करते हुए उतरते हैं। बाबा पर आस्था रखने वाले लोग उस कलश को उतारते हुए चुमकर एवं अपना सरताज बनाकर सर से लगाकर अदब के साथ उसको आगे बढ़ाया जाता है लेकिन यह रस्म नवगठित कमेटी के सदर ने नहीं किया जिससे शहर के कई लोग नाराज हुए एवं शहर वासियों का कहना है कि बाबा हुजूर के यहां जो खादिम सदर बनता है वह सूफियों पर अकीदा रखने वाला होना चाहिए। लेकिन यहां पर तत्कालीन वक्फ बोर्ड ने जो सदर बनाया है वह जमाती लाइन का व्यक्ति है जो पूर्व से मस्जिद में नमाज पढ़ाकर इमामत करते थे। वह बाबा हुजूर पर एवं सूफियाना पर अपना अकीदा नहीं रखते हैं यह लोग बाबा हुजूर के यहां कदम बोसी एवं चादर चुमने को सिर्क कहते हुए इसका विरोध करते हैं, लेकिन वक्फ बोर्ड ने उसी को वक्फ संपत्ति बाबा बाबा बदख्शांनी रहमतुल्लाह आले के यहां सदर बना कर भेज दिया।

## दुकानदारों से लूटपाट के मामले आने लगे सामने

लेकिन जैसे ही कमेटी के मेंबरों ने ग्राउंड में काम करना शुरू किया। उर्स सम्पन के पहले जब दुकानदारों को वक्फ संपत्ति पर दुकान एलार्ट की जाती हैं उन दुकानों में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ रहा है जिसमें दुकानदार आरोप लगा रहे हैं कि नवगठित कमेटी ने पूर्व की सभी कमेटियों से ज्यादा लूटपाट शुरू कर दी है। कुछ दुकानदारों का कहना यह भी है कि हमें पूर्व से जो 7000 में जगह मिल रही थी उस जगह का 80000 और डेढ़ लाख रुपए तक की डिमांड कर रहे हैं। पैसे नहीं देने पर हमें यह कहकर भगाया जा रहा है कि चले जाओ तुम्हारा कोई यहां पट्टा नहीं है, जबकि राजगढ़ बाबा हुजूर के उर्स में सभी आस्था के हिसाब से अपनी दुकान लेकर आते हैं कि बाबा हुजूर के मेले में कुछ कमाई होगी जिससे कि परिवार भरण पोषण सुचारू रूप से चलेगा। लेकिन नवगठित कमेटी ने तो सभी हदें पार करत दी, राजगढ़ के ही निवासी कुछ लोगों का कहना है कि विधिवत पूर्व कमेटी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जो टेंडर कराए थे उसमें हमने भी भाग लिया था। जिसमें मेरा टेंडर को नवगठित कमेटी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए निरस्त कर दिया है जबकि मेरा टेंडर वर्तमान टेंडर से ज्यादा था।

# नगर में रंग पंचमी का त्योहार डीजे की धुन, नपा फायर ब्रिगेड के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेड़ा

प्रतिवर्ष की भांति रंगों की रंगरलिया एक दूसरे के साथ अटखेलिया खेलने का मजा तो सिर्फ रंग पंचमी के दिन ही पूरा होता है क्योंकि लोग कई दिनों पहले से इस त्यौहार के इंतजार का इंतजार करते हैं छापीहैड़ा में नन्हे नन्हे बच्चे रंगों से भरी पिचकारीया बंदूके लेकर रंगों के गुब्बारे एक दूसरे पर फोड़ने का कार्य इस दिन निरंतर जारी रखते हैं नगर के सभी प्रबुद्ध जन लोग एकत्रित होकर डीजे के साथ तथा नपा की फायर ब्रिगेड की पानी की धार के साथ नाचते गाते एक दूसरे को रंग लगाते हुए बस स्टैंड से रवाना होकर तालाब परिसर पाटीदार मोहल्ला कुशवाह काची मोहल्ला के दरकिनार होते हुए स्वर्णकार गली के माध्यम से बाजार चैक श्री राम मंदिर परिसर के आजू-बाजू नाचते हुए इस त्यौहार में मनोरंजन के साथ-साथ रंगों की बौछार के साथ चलते दिखाई पड़ते आखिर में छापीहेड़ा बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क के आसपास सभी एकत्रित होकर गुलाल रंगों की फुहार के साथ आमसभा को संबोधित करते हैं जिसमें नगर के वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष बद्री लाल रजक के कपड़े फाड़ दिए तथा रंग पंचमी के प्रबुद्ध जन को चप्पलों की माला पहनते झाड़ू से हवा करते हुए नजर आए नगर के वरिष्ठ जन को आम सभा के बीचो-बीच सबके सम्मुख बिठाकर अपनी अपनी झूठी मूठी कहानीया प्रेषित करते हैं इस त्यौहार पर सबसे मिलजुल कर हंसी मजाक करना सबसे बड़ी मिलनसार की अटखेलिया खेलने का एक सुनहरा त्यौहार रंग पंचमी का ही होता है इस मौके पर हेमंत सेठिया दीपक इंग्ले रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता बद्री लाल रजक नीरज सेठिया श्याम चालीस गाओकर शिक्षक सेन साहब तथा सभी नगर वासी।

## भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री सिंह से मिले सारंगपुर के कांग्रेसजन, समस्याएं बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह से शनिवार को भोपाल में सारंगपुर के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय ने बताया सारंगपुर क्षेत्र में पानी की कमी, बेरोजगारी, महंगाई, पंजीयन करने पहुंचे किसानों को वापस घर भेजना, बीमा मुआवजा की कार्रवाई करने जैसे मामलों पर ध्यान आकर्षित करवाया। इस मौके पर कांग्रेस नेता बाबूलाल मालवीया, कमल परमार, इसीन जैन, घनश्याम मालवीय, दिनेश पुरी गोस्वामी, महेश खाती, आशीष विश्वकर्मा, सुनील वर्मा आदि मौजूद थे।

# वंदे मातरम स्वर्णिम भारत विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत" विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोत्सना दांगी, कुसुम टांक, अर्चना राय आरक्षक समता गुप्ता, एवं प्रिया पुष्पद पार्षद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी प्रकृति की अनमोल रचना है। एक ओर वह कोमल है तो दूसरी ओर शक्ति स्वरूपा भी है। शारीरिक दृष्टि से पुरुष अधिक बलशाली माना जाता है, फिर भी "नारी शक्ति" शब्द ही प्रचलित है, क्योंकि शक्ति का स्वरूप नारी ही है। शक्तियों की पूजा देवी के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण से लेकर विश्व निर्माण तक महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला शांति और समरसता की अग्रदूत होती है, क्योंकि ईश्वर ने उसे अनेक गुण और क्षमताएं प्रदान की हैं। जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुमारी मुस्कान और कुमारी मीरा ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सभी ने फाग उत्सव धूमधाम से मनाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली।

# श्रीमद भागवत कथा 16 मार्च से पोस्टर का विमोचन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

नगर के पीला खाल खेल मैदान पर 16 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ पोस्टर विमोचन के साथ हुआ। नगर के गणमान्य नागरिक व आयोजन समिति के सदस्यों ने पावर हाउस स्थित माता मंदिर के प्रांगण में बैठकर पोस्टर विमोचन कर प्रचार प्रसार का शुभारंभ। बता दें कि करीब 20 वर्षों बाद गेहूं खेड़ी के प्रेम नारायण जी के मुखारविंद से यह कथा होने जा रही है। 16 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च को खत्म होने वाली कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे रहेगा। पोस्टर विमोचन के दौरान ही नगर के गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की तैयारियाँ के संबंध में चर्चा भी की फिर प्रचार प्रसार समिति, जल सेवा समिति, भोजन व्यवस्था समिति, साफ सफाई व्यवस्था समिति, निगरानी समिति, पार्किंग व्यवस्था समिति सहित अन्य समितियां के नाम को लेकर चर्चा जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर में आने वाले दिनों में घर-घर जाकर पीला चावल देकर न्योता दिया जाएगा ऐसा निर्णय भी इस दौरान लिया गया। प्रचार प्रसार में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो इसको लेकर भी शहर की महिला संगठनों से संपर्क भी किया जाएगा। उपस्थिति लोगों ने माँ जगदम्बे को पहला निमंत्रण देकर इस आयोजन को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न करवाने का आह्वान भी किया। कथा के शुभारंभ अवसर से पूर्व पावर हाउस स्थित माता मंदिर से कलश यात्रा शुभारंभ होगी। जिसमें सैकड़ो महिलाएं व पुरुष हिस्सा लेंगे 8 बजे से शुरू होकर यह कलश यात्रा 10 बजे तक कथा स्थल तक पहुंच जाएगी। सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित ये आयोजन इस बार विशेष होने जा रहा है।

## जंगल धधक उठा: गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

वन परिक्षेत्र के आसपास फैले प्राकृतिक जंगलों में भी आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर नगर के चारों ओर फैले अधिकांश जंगल वन विकास निगम के हैंडओवर में हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है।इसी कड़ी में ग्यारसपुर नगर से लगे गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र, जहां श्मशान शेड और वन विभाग की नर्सरी स्थित है, वहां के जंगल में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी क्षेत्र में किसानों की फसलें पककर तैयार खड़ी हैं। यदि जंगल की आग खेतों की ओर बढ़ती है तो किसानों की मेहनत से तैयार फसलें भी पल भर में जलकर राख हो सकती हैं।

# चलते ट्रक में आग लगी, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नेशनल हाईवे पर सारंगपुर-अकोदिया रोड स्थित ब्रिज के पास शनिवार शाम को एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, एसआई अमित त्यागी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वहीं नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक जीजे 12 जेड 0184 में अचानक धुआं उठने के बाद आग भड़क गई थी। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग की वजह से ट्रक का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारु रूप से चालू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# गिरिराज की हवेली पर रंग पंचमी मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छापीहेड़ा

ग्राम सिरपोई जिला आगर मालवा में स्थित गिरिराज की हवेली पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गिरिराज की हवेली कदम खंडी सिरपोई में रंगपंचमी महोत्सव (फागोत्सव) एवं गिरिराज का 24 पाटोसव सोमयज्ञ सम्राट आचार्य व्रजोत्सव महाराज के सानिध्य में मनाया गया।


सभी वैष्णव जन भक्तजन इस कार्यक्रम में पधारे अपने-अपने गले में उपरना कर एवं महिलाएं केसरिया लाल साड़ी पहन कर इस कार्यक्रम में एकत्रित हुई आनंद ही आनंद बरसा छापीहेड़ा से द्वारका प्रसाद टाक ओम सेठिया रामकुमार सेठिया योगेश चैरसिया मुकेश चैधरी महेश गुप्ता (लाज वाले) योगेश गुप्ता श्रवण अग्रवाल पुरुषोत्तम गुप्ता महिला मंडल में नीतू गुप्ता सीमा गुप्ता उषा गुप्ता शीतल गुप्ता बबली गुप्ता वर्षा गुप्ता रीना गुप्ता गंगा गुप्ता आदि मातृशक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

### पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहे, पुलिस कप्तान ने तीसरी आंख से नजर रखी

# रंगपंचमी का त्योहार भव्य रूप से मना, नगर में उत्साह का माहौल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर में भव्य रूप से रंगपंचमी का त्योहार मनाया गया पूरे नगर में रंग और उत्साह का माहौल देखा गया। एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नजर आए वही दूसरी और पुलिस कप्तान अमित तोलानी ने थाने में। कैमरा कंट्रोल यानी तीसरी आंख से रखी नजर, वही हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में होली उत्सव के सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव के अंतर्गत रविवार को नगर में भव्य गैर चल समारोह निकाला गया। बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पूरे शहर में निकाली उत्साह और उल्लास का माहौल बनाती हुई निकली गैर चल समारोह बालरूप हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर भोईवाड़ा, गांधी चैक, सादर बाजार, महाकाल चैराहा, मुखर्जी चैक, त्रिपोलिया बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद, रंगेरवाड़ी, बागकुआ टंकी, बदलीपुरा और दीनदयाल चैराहा होते हुए न्यू बस स्टैंड पहुंची। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने रंग, गुलाल और ढोल-नगाड़ों के साथ गैर का भव्य स्वागत किया। युवाओं और नागरिकों ने नाचते-गाते हुए रंगपंचमी का उत्सव मनाया और पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गैर के समापन पर बस स्टैंड पर फायर ब्रिगेड और टैंकर के माध्यम से रंगों की बारिश की गई, जिससे माहौल और



भी आनंदमय हो गया। पूरे चल समारोह के दौरान ढोल की थाप पर लोग झूमते नजर आए और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

वही गैर के समापन से पूर्व महाकाल चौराहा मित्र मंडल द्वारा गैर में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। समापन के बाद नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा बस स्टैंड उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार करवाया ।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थिति रहे। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा तथा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे पटवारी शहजाद मंसूरी सहित प्रशासनिक अमला राजनीतिक दलों के पदाधिकारी हिंदू उत्सव समिति महादेव मित्र मंडल सहित अन्य सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इन्होंने भी किया स्वागत

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो अली के नेतृत्व मंच सजाकर रंगपंचमी जूल्स का स्वागत किया तो वही दूसरी ओर सद्भावना मंच संयोजक निजाम कुरैशी के नेतृत्व में सदर अनुजमन कमेटी सदर अलीम बाबा आदि लोगों ने रंगपंचमी के जुलूस का भव्य स्वागत किया आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और पूरे नगर में रंग, उमंग और भाईचारे का संदेश दिया।